# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

## विद्या–परिषद् की 16वीं बैठक दिनाँक–09.07.2019

### कार्यवृत्त (Minutes)

विद्या–परिषद् की 16वीं बैठक दिनांक 09.07.2019 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन में स्थित सभा–कक्ष में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| | **प्रो0 नीलिमा सिंह**<br>माननीया कुलपति<br>कोटा विश्वविद्यालय, कोटा | अध्यक्ष |
| 2. | **डॉ0 गोपाल सिंह**<br>राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य, शिक्षाविद् | सदस्य |
| 3. | **डॉ0 पीयूष कुमार सालोदिया**<br>राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य<br>प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी | सदस्य |
| 4. | **श्री मल्लू राम मीणा**<br>राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य, शिक्षाविद्<br>व्याख्याता, राजकीय महाविद्यालय, कोटा | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 आशुरानी**<br>अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, रसायन शास्त्र | सदस्य |
| 6. | **डॉ0 आर.एम. कुरैशी**<br>अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय<br>प्राचार्य, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, कोटा | सदस्य |
| 7. | **डॉ0 रूपवती पीपल**<br>अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान संकाय<br>प्राचार्य, राजकीय जेडीबी वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, कोटा | सदस्य |

8. **डॉ0 अनिता गुप्ता** सदस्य
अधिष्ठाता, कला संकाय
प्राचार्य, राजकीय जे.डी.बी. कला
कन्या महाविद्यालय, कोटा

9. **डॉ0 आर. के. उपाध्याय** सदस्य
अधिष्ठाता, विधि संकाय

10. **डॉ0 सुषमा सिंह** सदस्य
अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय

11. **डॉ0 भवानी सिंह** सदस्य
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित सह–आचार्य
विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग,
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

12. **प्रो. एन.के. जैमन** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, भौतिक विज्ञान

13. **डॉ0 मन्जु गुप्ता** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, समाज शास्त्र

14. **डॉ0 नादिरा खातून** सदस्य
संयोजक, पाठ्यकम समिति, उर्दू

15. **डॉ0 हासो दादलानी** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, सिन्धी

16. **डॉ0 शालिनी भारती** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, आरेखन एवं रंगांकन

17. **श्री चन्द्रजीत सिंह** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, विधि

18. **डॉ0 शुचिता जैन** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, वनस्पति शास्त्र

19. **डॉ0 साधना कंसल** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, संस्कृत

20. **डॉ. रोशन भारती** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, भारतीय संगीत

21. **डॉ. इरफान अहमद** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, दर्शन शास्त्र

22. **डॉ0 एम.जेड.ए. खान** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, भूगोल

23. **डॉ0 ए.ए. हनफी** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, इतिहास

24. **डॉ0 कल्पना बोहरा** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, अर्थशास्त्र

25. **डॉ. शम्मी खण्डेलवाल** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, राजनीतिक विज्ञान

26. **डॉ0 रीना खनूजा** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, गृह–विज्ञान

27. **डॉ0 राजेश कुमार शर्मा** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, गणित

28. **डॉ0 ए.के. जैन** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, व्यवसायिक प्रशासन

29. **डॉ0 सपना जोशी** — सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति शिक्षा

30. **डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा** — सदस्य सचिव
वित्त नियंत्रक एवं प्रभारी, कुलसचिव

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर; आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर;; प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा, कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य; प्रो. रीना दाधीच, कुलपति द्वारा नामित सदस्य; डॉ. राजीव शर्मा, संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, अंग्रेजी; डॉ. लीला मोदी, संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, हिन्दी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा माननीय कुलपति महोदय एवं उपस्थित माननीय सदस्यों का अभिनन्दन किया गया।

इसके पश्चात् विद्या परिषद् की बैठक में विचारणीय बिन्दुओं पर विस्तृत बिन्दुवार चर्चा विधिवत रूप से प्रारम्भ हुई :–

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या– 1 | : | **विद्या–परिषद् की बैठक दिनाँक 03.01.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |

| | | |
|---|---|---|
| निर्णय | : | विद्या–परिषद् की दिनाँक 03.01.2018 को हुई 15वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 2 | : | **विद्या–परिषद् की बैठक दिनाँक 03.01.2018 में लिये गये निर्णयों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | विद्या–परिषद् की दिनाँक 03.01.2018 को हुई 15वीं बैठक की क्रियान्विति रिपोर्ट का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 3 | : | **माननीय कुलपति महोदय के निम्न आदेशों को रिपोर्ट करना।**<br>1. वर्ष 2018 व 2019 में लिये गये विभिन्न BOS/COC के पुनर्गठन संबंधी आदेश।<br>2. विभिन्न पाठ्यक्रमों/विषयों की पाठ्यक्रम समितियों द्वारा आयोजित बैठकों के कार्यवृत्तों का माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन संबंधी आदेश। |
| निर्णय | : | माननीय कुलपति महोदय द्वारा वर्ष 2018 व 2019 में लिये गये विभिन्न BOS/COC के पुनर्गठन सम्बंधी आदेशों को पारित किया गया। साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों/विषयों की पाठ्यक्रम समितियों द्वारा सत्र 2018 व 2019 के लिए पाठ्यक्रम निर्माण अथवा संशोधन करने हेतु आयोजित बैठकों के कार्यवृत्तों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन संबंधी आदेशों को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या– 4 | : | **परीक्षा वर्ष 2017 की उपाधियों पर "ग्रेस पास" की तिथि के अंकन के निर्धारण हेतु गठित समिति संबंधी आदेश व उक्त बैठक के कार्यवृत का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | परीक्षा वर्ष 2017 की उपाधियों पर "ग्रेस पास" की तिथि के अंकन के निर्धारण हेतु गठित समिति संबंधी आदेश व उक्त बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 5 | : | **परीक्षा वर्ष 2017 की समस्त उपाधियों का "ग्रेस पास" किये जाने संबंधी प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।** |
| निर्णय | : | परीक्षा वर्ष 2017 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफल अभ्यार्थियों की उपाधियों तथा शोध उपाधियों (कुल उपाधियाँ 62839) का "ग्रेस पास" सदन द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय का षष्ट्म दीक्षान्त समारोह दिनांक 17.08.2019 को आयोजित होना निश्चित हुआ है। उक्त दिवस पर विद्या–परिषद के सभी माननीय सदस्यों को उपस्थित होने के लिए माननीय कुलपति महोदया द्वारा आमंत्रित किया गया। |
| मद संख्या– 6 | : | **विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2019–20 से कुछ नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में Dean's Committee की बैठक दिनांक 27.04.2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2019–20 से कुछ नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में Dean's Committee की बैठक दिनांक 27.04.2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या– 7 | : | **विश्वविद्यालय के सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों यथा–BCA, BBA, B.Sc. (Biotechnology/Microbiology), M.Sc. (IT/Biotech/Microbio.) में छात्रों के प्रवेष हेतु सत्र 2019–20 से CAC प्रणाली को समाप्त कर महाविद्यालय को स्वायत्ता प्रदान करने के संबंध में गठित समिति की बैठक दिनांक 22.04.2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | व्यावसायिक पाठ्यक्रमों यथा–BCA, BBA, B.Sc. (Biotechnology/Microbiology), M.Sc. (IT/Biotech/Microbio.) में छात्रों के प्रवेश हेतु सत्र 2019–20 से CAC प्रणाली को समाप्त कर महाविद्यालय को स्वायत्ता प्रदान करने के संबंध में गठित समिति की दिनांक 22.04.2019 को संपन्न हुई बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 8 | : | **विश्वविद्यालय के सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में संचालित समस्त शिक्षण–प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा जारी NCTE Regulations 2017 के निर्देशों का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय के सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में संचालित समस्त शिक्षण–प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा जारी NCTE Regulations 2017 के निर्देशों को अनुमोदित किया गया किन्तु कोटा विश्वविद्यालय के सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में शैक्षणिक स्टॉफ की आवश्यकता की तुलना में नियमानुसार योग्य स्टॉफ की उपलब्धता सीमित होने के कारण महाविद्यालयों की स्टॉफ संबंधी कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए NCTE Regulations 2017 में स्टॉफ संबंधी योग्यता में 03 वर्ष के लिए शिथिलता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एनसीटीई को पत्र लिखे जाने की अनुशंषा विद्या–परिषद् द्वारा की गई। |
| मद संख्या– 9 | : | **विश्वविद्यालय द्वारा संचालित जी.पी.ई.एम. व टी.डी.पी. विषयों की पृथक पाठ्यक्रम समिति गठित किए जाने के पाठ्यक्रम समिति, गृह–विज्ञान के प्रस्तावों का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय द्वारा संचालित जी.पी.ई.एम. व टी.डी.पी. विषयों की पृथक पाठ्यक्रम समिति गठित किये जाने के सम्बंध में जी.पी.ई.एम. व टी.डी.पी. विषयों हेतु पृथक–पृथक पाठ्यक्रम समिति (COC) के गठन सम्बंधित प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 10 | : | **विश्वविद्यालय में नवीन संकाय– जीव विज्ञान (Life Science) की स्थापना करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय में नवीन संकाय– जीव विज्ञान (Life Science) की स्थापना करने की अनुशंषा की गई। साथ ही उक्त संकाय में कौन–कौनसे विषय सम्मिलित किये जाये के संदर्भ में एक समिति गठित किये जाने की अनुशंषा की गई, जिसके लिए माननीय कुलपति महोदया को अधिकृत किया गया। |
| मद संख्या– 11.1 | : | **माननीय कुलपति महोदय के निम्न आदेशों को रिपोर्ट करना।**<br>1. वर्ष 2019 में लिये गये विभिन्न BOS/COC के पुनर्गठन संबंधी आदेश (दिनांक 18.06.2019 के पश्चात्)।<br>2. विभिन्न पाठ्यक्रमों / विषयों की पाठ्यक्रम समितियों द्वारा आयोजित बैठकों (दिनांक 18.06.2019 के पश्चात्) के कार्यवृत्तों का माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन संबंधी आदेश। |

| | | |
|---|---|---|
| निर्णय | : | माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 18.06.2019 के पश्चात् लिये गये विभिन्न BOS/COC के पुनर्गठन सम्बंधी आदेशों को पारित किया गया। साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों/विषयों की पाठ्यक्रम समितियों द्वारा दिनांक 18.06.2019 के पश्चात् पाठ्यक्रम निर्माण अथवा संशोधन करने हेतु आयोजित बैठकों के कार्यवृत्तों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन संबंधी आदेशों को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या– 11.2 | : | **MHRD एवं UGC के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त PG पाठ्यक्रमों में SWAYAM पाठ्यक्रमों का समावेश करने के सन्दर्भ में** |
| निर्णय | : | MHRD एवं UGC के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त PG पाठ्यक्रमों में SWAYAM पाठ्यक्रमों का समावेश सत्र 2020–21 से किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त कार्य के संपादन हेतु माननीय कुलपति महोदया को एक Academic Advisory Committee का गठन करने हेतु अधिकृत किया गया |
| मद संख्या– 11.3 | : | **सत्र 2017–18 के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) को प्रेषित विश्वविद्यालय की वार्षिक गुणवत्ता प्रतिवेदन (AQAR-Annual Quality Assurance report) को रिपोर्ट करना।** |
| निर्णय | : | सत्र 2017–18 के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) को प्रेषित विश्वविद्यालय की वार्षिक गुणवत्ता प्रतिवेदन (AQAR-Annual Quality Assurance report) को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या– 11.4 | : | **विश्वविद्यालय में संचालित अनिवार्य विषयों यथा– अंग्रेजी, हिन्दी, कम्प्यूटर अनुप्रयोग तथा पर्यावरण अध्ययन में से किसी एक विषय में 'खेल दर्शन' सम्मिलित करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय में संचालित अनिवार्य विषय–पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम में न्यूनतम 10 अंकों का भाग 'खेल दर्शन' को दिये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अनिवार्य विषय–अंग्रेजी, हिन्दी, कम्प्यूटर एवं पर्यावरण अध्ययन के प्रश्न पत्र 100 अंक के रखे जाने तथा प्रत्येक प्रश्न पत्रों में प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न का 02 अंक निर्धारित किये जाने की अनुशंषा की गयी। अनिवार्य विषय–अंग्रेजी व हिन्दी 03 घण्टे की अवधि में परीक्षा एक ही पारी में करवायी जावें। इसी प्रकार कम्प्यूटर व पर्यावरण विषय की परीक्षा 03 घण्टे की अवधि में परीक्षा एक ही पारी में करवायी जाने की अनुशंषा की गयी। |
| मद संख्या– 11.5 | : | **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के फार्मेसी विभाग में बी. फार्मा. पाठ्यक्रम के संचालन के लिए निश्चित मानदेय एवं निश्चित अनुबंध पर विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों को नियुक्त करने बाबत।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के फार्मेसी विभाग में बी. फार्मा. पाठ्यक्रम के संचालन के लिए विभागाध्यक्ष के स्थान पर आचार्य राशि रू. 80,000/– प्रति माह अथवा सह–आचार्य राशि रू. 60,000/– प्रति माह को अस्थायी/अनुबंध के आधार पर नियुक्ति दिये जाने की अनुशंषा की गई। इस सम्बंध में राज्य सरकार को भी पत्र प्रेषित किया जावें। उक्त अनुशंषा सिर्फ बी. फार्मा. पाठ्यक्रम के लिए ही मान्य है। इसे अन्य विषय/पाठ्यक्रम के संचालन में संदर्भ के रूप में भविष्य में लागू न किया जावें। उक्त नियुक्ति स्थायी शिक्षकों के पदों को भरे जाने हेतु जारी विज्ञापन तक ही मान्य होगी। अस्थायी तौर पर नियुक्ति हेतु शिक्षकों की योग्यता यूजीसी नियमानुसार व अधिकतम आयु 65 वर्ष रखे जाने की अनुशंषा की गई। |

| मद संख्या– 11.6 | : | अन्य बिन्दु आसन की अनुमति से। |
|---|---|---|
| | | (i) डॉ. गोपाल सिंह, माननीय सदस्य द्वारा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष में कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने के सुझाव पर राष्ट्रीय स्तर का व्याख्यान विश्वविद्यालय में आयोजित करने एवं केन्द्रीय पुस्तकालय में गांधी डेस्क स्थापित करने की अनुशंषा की गई। |
| | | (ii) डॉ. आर.के. उपाध्याय, माननीय सदस्य के सुझाव पर कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में विद्यार्थी सेवा केन्द्र जो कि फोटोकॉपी मशीन, ई–मित्र, स्टेशनरी आदि सुविधाओं से युक्त हो, को स्थापित किये जाने की अनुशंषा की गयी। उक्त सेवा केन्द्र का नाम महात्मा गांधी विद्यार्थी सेवा केन्द्र रखे जाने का निर्णय लिया गया। |
| | | (iii) प्रो. आशुरानी, माननीय सदस्य द्वारा कोटा विश्वविद्यालय, कोटा की वेबसाइट पर प्रदर्शित शोध से संबंधित आवश्यक प्रपत्रों में संशोधन की आवश्यकता को माननीय सदस्यों को अवगत कराया। पंजीकरण संबंधी निरस्तीकरण के आवश्यक निर्देश सक्षम स्तर से अनुमति लेने के पश्चात् ही वेबसाइट पर जारी किये जाने की अनुशंषा की गयी। विद्या–परिषद् के माननीय सदस्यों ने शोध से संबंधित सभी प्रपत्रों को तुरन्त वेबसाइट से हटाने व संशोधित कर सक्षम स्तर से अनुमोदित करवाकर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की अनुशंषा की। |

अन्त में कुलपति महोदय ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

**बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।**

सदस्य सचिव
विद्या–परिषद्